भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1594
उत्तर देने की तारीख 4 दिसम्बर, 2024

गुजरात में बीएसएनएल सुविधाएं

1594. श्री परषोत्तमभाई रुपाला:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गुजरात के ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाओं को बढ़ाने के लिए भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई है;
(ख) क्या सरकार को इस मुद्दे के संबंध में राज्य सरकार से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) सरकार द्वारा विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में इस समस्या से निपटने के लिए क्या कार्रवाई की गई या किए जाने का प्रस्ताव है; और
(ड.) गुजरात के ग्रामीण क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा तत्काल क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (ड.) गुजरात के ग्रामीण क्षेत्रों में 2,910 स्थानों/टावरों पर 2जी, 3जी प्रौद्योगिकी के मौजूदा उपस्करों को बीएसएनएल द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित 4जी प्रौद्योगिकी से प्रतिस्थापित किए जाने की योजना बनाई गई है। इसके अतिरिक्त, केन्द्रीय मंत्रीमंडल ने दिनांक 27.07.2022 देश के सेवा से वंचित गांवों में 4जी मोबाइल सेवाएं प्रदान करने के लिए 4जी सेचुरेशन स्कीम को अनुमोदित किया है और इस स्कीम के भाग के रूप में गुजरात के 949 गांवों को 4जी सेवाओं के लिए योजनाबद्ध किया गया है।

देश में सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) और गांवों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए भारतनेट परियोजना को चरणबद्ध तरीके से कार्यान्वित किया जा रहा है। गुजरात के ग्रामीण क्षेत्रों में हाई स्पीड इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए, 31.10.2024 की स्थिति के अनुसार, 14,316 ग्राम पंचायतों को भारतनेट कनेक्टिविटी प्रदान की गई है और शेष ग्राम पंचायतों/गैर-ग्राम पंचायत गांवों (मांग के आधार पर) को संशोधित भारतनेट कार्यक्रम के तहत योजनाबद्ध किया गया है।

*****